दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 338 मुरादाबाद 10 April 2022 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुफ्त उपहार देने के वादे से राजनीतिक दलों को हम नहीं रोक कर सकते, चुनाव आयोग ने SC को बताया



चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सत्ता में आने पर राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहार देने के वादों को रेगुलेट करने की कोई भी कार्रवाई तभी कारगर होगी, जब इसे लेकर कानूनी प्रावधान बनाए जाएं। पोल पैनल वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका का जवाब दे रहा था, जिसमें मुफ्त की घोषणा करने वाले राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग की गई थी इलेक्शन कमीशन ने अपने हलफनामे में कहा कि चुनाव आयोग राज्य की नीतियों और फैसलों को रेगुलेट नहीं कर सकता है, जो जीतने वाली पार्टी की ओर से सरकार बनाने पर लिए जा सकते हैं। इस तरह की कार्रवाई कानूनी प्रावधानों को सक्षम किए बिना शक्तियों का अतिक्रमण होगा। यह ध्यान रहे कि मुफ्त उपहार देना राजनीतिक दलों का नीतिगत फैसला है। अदालत पार्टियों के लिए दिशानिर्देश तैयार कर सकती है। चुनाव आयोग इसे लागू नहीं कर सकता। राज्य के मतदाताओं को तय करना है कि चुनाव आयोग ने अपने जवाब में अदालत को बताया कि क्या ऐसी नीतियां आर्थिक रूप से सही हैं या राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, यह एक सवाल है जिसे राज्य के मतदाताओं को तय करना है। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में याचिका पर जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाताओं को मुफ्त उपहार देने का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर चिंता व्यक्त की थी। अदालत ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा था कि इससे नियमित बजट पर असर पड़ता है।

### राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग

याचिका में चुनाव आयोग को चुनाव चिन्हों को जब्त करने और सार्वजनिक धन से मुफ्त में बांटने का वादा करने वाले राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग की गई। चुनाव आयोग के नियमों के बावजूद नागरिकों के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ों को हिलाता है। इससे चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता खराब होती है। मुफ्त उपहार देने की प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है।

## यूपी एमएलसी चुनाव में योगी ने किया गोरखपुर में मतदान,बोले-विकास, राष्ट्रवाद और अपराध मुक्त प्रदेश के लिए वोट



उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 27 स्थानीय प्राधिकारी सीटों के लिये शनिवार को हो रहे मतदान में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर में बतौर विधायक मताधिकार का प्रयोग किया। योगी ने सुबह आठ बजे मतदान शुरू होने के बाद गोरखपुर नगर निगम में स्थित मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान किया। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में योगी गोरखपुर सदर सीट से विधायक निर्वाचित हुए हैं। विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा निर्वाचित होने वाली सीटों पर चुनाव में लोकसभा और विधानसभा के सदस्यों के अलावा ग्राम पंचायतों, ब्लॉक एवं नगर निगम सहित सभी प्राधिकरणों के नर्वाचित प्रतिनिधि मतदान करते हैं। मतदान के बाद योगी ने महाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के पवित्र दिन पूरे प्रदेश में विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकारी सीटों पर मतदान हो रहा है। जिन 36 सीटों पर चुनाव होना है उनमें से 9 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध चुन लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि मतदान वाली 27 सीटों में गोरखपुर महाराजगंज सीट पर एक मतदाता के नाते मैं भी अपना मतदान करने के लिए आया हूं। मेरे साथ में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिव प्रताप शुक्ला जी, सांसद रवि किशन, महापौर सीताराम जयसवाल, गोरखपुर ग्रामीण सीट से विधायक विपिन सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि भी मतदान के लिये आए हैं। योगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में दो तिहाई से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि विधान परिषद में पहली बार लगभग चार दशक के बाद ऐसी स्थिति आएगी जब सत्ताधारी दल का उच्च सदन में भी प्रचंड बहुमत होगा। योगी ने स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद चुनाव में क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्य से लेकर विधायक और सांसद सहित सभी मतदाताओं से अपील की है कि प्रदेश में लोक कल्याणकारी कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए विधान मंडल के दोनों सदनों में भाजपा का बहुमत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर प्रदेश की जनता ने अपना आशीर्वाद दिया था। अब 2022 में भी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार फिर से प्रदेश में बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में विधानसभा में हमारा प्रचंड बहुमत था, लेकिन विधान परिषद में तमाम कठिनाइयों का सामना हमें करना पड़ता था और अपनी नकारात्मक भूमिका के कारण समाजवादी पार्टी प्रदेश के विकास को अवरुद्ध करने का हर संभव प्रयास करती थी, लेकिन अब स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद के चुनाव में 36 में से अधिकतर सीटें जब भाजपा जीतेगी तो भाजपा का उच्च सदन में भी प्रचंड बहुमत होगा और इससे प्रदेश के विकास और लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने में सरकार सक्षम होगी। गौरतलब है कि विधान परिषद के 35 स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्रों की 36 सीटों पर हो रहे चुनाव में आज 27 सीटों पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक वोट डाले जाने हैं। नौ सीटों पर सिर्फ एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किये जाने के कारण मतदान की नौबत ही नहीं आयी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक प्रदेश के 58 जिलों में विस्तृत इन 27 सीटों पर कुल 95 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 1,20,657 मतदाता करेंगे। चुनाव में मतदान के लिये कुल 739 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

## मायावती को गठबंधन करने और मुख्यमंत्री बनने का दिया ऑफर, उन्होंने बात तक नहीं की: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मायावती ने चुनाव ही नहीं लड़ा। राहुल ने कहा, "हमने मायावती को संदेश दिया कि गठबंधन कीजिए और मुख्यमंत्री बनिए। उन्होंने बात तक नहीं की। जिन लोगों ने अपना खून, पसीना देकर उत्तर प्रदेश में दलितों की आवाज को जगाया। आज मायावती कहती हैं कि मैं उस आवाज के लिए नहीं लड़ूंगी। दिल्ली में एक किताब के विमोचन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, देश ने मुझे सिर्फ प्यार ही नहीं दिया है, बल्कि जिस हिंसा के साथ इस देश ने मुझे मारा-पीटा है, मैंने सोचा कि यह क्यों हो रहा है? और जवाब मिला कि देश मुझे सिखाना चाहता है। देश मुझे कह रहा है कि तुम सिखो, समझो।

### सभी संस्थान RSS के कब्जे में

राहुल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और केंद्र सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सभी संस्थान आरएसएस के कब्जे में हैं। राहुल गांधी ने कहा, हमें संविधान को बचाना पड़ेगा। संविधान को बचाने के लिए हमें संस्थानों की रक्षा करनी पड़ेगी। लेकिन सभी संस्थान आरएसएस के नियंत्रण में हैं।

### देश को समझने की कोशिश कर रहा

कांग्रेस नेता ने कहा, यहां नेता हैं, जो सत्ता के पीछे लगे हुए हैं। वे हमेशा सत्ता हासिल करने के बारे में सोचते रहते हैं... अब उसमें मेरी एक परेशानी आ गई, मैं सत्ता के एकदम बीच में पैदा हुआ, लेकिन सच कहता हूं मुझे इसमें दिलचस्पी नहीं है। इसके बजाए मैं देश को समझने की कोशिश करता हूं।

अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जिलाधिकारी ने की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें बैंकों में लंबित स्ट्रीट वेन्डर्स के ऋण आवेदन पत्रों की बैंकवार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे लंबित आवेदनों का ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करे तथा जिन वेंडर्स को क्यू0आर0 कोड नही मिला है, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराएं। जिससे डिजिटल लेन-देन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जो गरीबों के लिए वरदान है। इस योजना के अन्तर्गत खोखा चलाने वाले छोटे व्यवसायी, ब्रेड पकोड़ा, मोमो, चाऊमीन, अंडे बेचने वाले, सड़क के किनारे स्टेशनरी सामान बेचने वाले, छोटे कारीगर, सभी प्रकार के छोटे मोटे खुदरा दुकान वाले कारोबारी, नाई की दुकान चलाने वाले, जूता पोलिश व बनाने वाले मोची, पान बेचने वाले पनवाड़ी, सड़क के किनारे या रेहड़ी पर फल बेचने वाले, कपड़े धोने वाले वाले धोबी की दुकान पर, चाय का ठेला लगाने वाले, सड़क किनारे खाना बेचने वाले, गली गली कपड़े बेचने वाला, फेरी वाले आदि को लाभान्वित करने हेतु चलायी गई है। इसलिये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो/कर्मचारियों का दायित्व बनता है कि उन्हें समय सीमा के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक जितेन्द श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत यदुनाथ, शहर मिशन प्रबन्धक आरिफ जफर खान एवं समस्त बैंकों के प्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सीधे लोगों की जिन्दगी को स्वस्थ्य रखने का दायित्व है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक से लेकर पैरामेडिकल कर्मी तक अपने दायित्व बोध के साथ काम कर लोगों को स्वस्थ्य रखने में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होने जोर देते हुए कहा कि जिले में मातृ एंव शिशु मृत्यु दर अन्य जनपदों की तुलना में अधिक है, जो चिंता का विषय है। इसे रोके बिना स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना नही पूरी की जा सकती है, इसलिए मातृ एंव शिशु मृत्यु दर पर रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाए जाएं ताकि स्वास्थ्य के देखभाल के अभाव में जिले में किसी भी गर्भवती/धात्री महिला एंव नवजात शिशुओं की मौत न होने पाए। ए0एन0एम0 और आशा गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की मुख्य धुरी है इसलिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी ए0एन0एम0 और आशा वार किये गये कार्यो की समीक्षा भी करे और लापरवाही बरतते पाये जाने पर आशा और ए0एन0एम0 को दण्डित भी किया जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का पंजीकरण/अपडेशन शत-प्रतिशत किया जाए। यदि शत-प्रतिशत अपडेशन में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर की लापरवाही पायी जाए तो उनके विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए

## स्कूल चलो अभियान के कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय पहुंचे भाजपा विधायक

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के विधायक और कार्यकर्ता लगातार स्कूलों में जाकर नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं इसी क्रम में बिथरी विधायक डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा शनिवार को मझगवां ब्लॉक के शाहबाज़ पुर ग्राम पंचायत के मझरा हर्रे की गोटिया मैं स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वह भी ऐसे ही प्राथमिक विद्यालय मैं पढ़ कर ही जीवन में आगे बढ़े हैं उन्होंने बच्चों से भी कुछ सवाल जवाब किए जिसमें वह बच्चों की इस प्रतिभा को देखकर खुश हुए और प्रधानाध्यापिका हंस मुखी की प्रशंसा करते नजर आए उन्होंने कहा जिस प्रकार से यहां की प्रधानाध्यापिका हंस मुखी ने बच्चों के हित में कार्य किए हैं और शिक्षण कार्य को आसान बनाया है अगर ऐसे ही सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक बच्चों के भविष्य पर ध्यान देते हुए कार्य करें तो जल्द ही प्रदेश में शिक्षा की क्रांति लाई जा सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कनौजिया ने कहा कि जहां-जहां बच्चों की संख्या कम है, वहां बच्चों की संख्या को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और शिक्षकों की टीम घर-घर जाकर नामांकन प्रक्रिया को पूरा करेगी। कार्यक्रम में और भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे और शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल राठौर के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम मेंअनूप कुमार वैश्य, ए आर पी संघमित्रा गौतम, रेवती नंदन, उर्मिला रानी, आशीष अग्निहोत्री कमलेश ग्राम प्रधान शंकरलाल व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।अंत मे प्र0अ0हँस मुखी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा के पूर्व जिला माननीय मुख्यमंत्री योगी जी को लिखा पत्र



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- भा जा पा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतु जी ने मंडल मुख्यालय पर आए दिन के जाम को बांदा की बड़ी समस्या के निजात दिलाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी जी को पत्र लिखा अपने पत्र के माध्यम से जीतू जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए बताया की बांदा में आए दिन जाम लगा रहता है। जिसके चलते लोगो को कुछ मिनटों की दूरी तय करने में घंटो लग जाता है। साथ जी यह भी बताया गया की जिला प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण हटवाया गया मगर कोई पुख्ता इंतजाम न होने की वजह से कुछ दिनों बाद फिर जस का टस अतिक्रमण कर लिया जाता है। इतना ही नहीं बांदा शहर में अधिकांश होटल वा शादी घरों में अपनी पार्किंग व्यवस्था न होने की वजह से और अधिक जाम लग जाता है। अपने पत्र के माध्यम से जीतू जी ने मंडल मुख्यालय से जाम का पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

## विजिलेंस टीम के छापेमारी से लोगों मे खलबली



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिले के बहोरवा,मल्हीपुर चौराहा व वीरगंज कस्बे मे विद्युत अधिकारियों ने विजिलेंस की टीम के साथ विद्युत चोरी पकड़ने के लिए छापे मारे। छापों की खबर से सोते लोगों की नींद टूट गई। कई इलाकों में विद्युत चोरों में खलबली मच गई। मिली जानकारी के अनुसार विद्युत उपकेंद्र उरलेहवा के अंतर्गत वीरगंज कस्बे में मुहल्ले के कई दुकानों मे छापेमारी की गयी अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करने के आरोप में 8 लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। 3 खराब मीटर बदले गये।भार वृद्धि मामले में 5 सयोजनो बढ़ाये गये व बिल परिवर्तित किये गए। 25 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध 4.32 लाख का विच्छेदन किया गया। वही 1.99 लाख के राजस्व की वसूली की गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नाली निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री,पुरानी ईट से और अध्धे से ही नाली बनवाकर लम्बे खेल की तैयारी



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिंलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिदावली के गांव जमशेदपुर में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़ा किया है । जमशेदपुर के ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण में घटिया व पूरानी ईंट व केवल बालू का प्रयोग किया जा रहा है तथा नाली बनाए जाने के दौरान ही फट जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली का अद्धे और पुरानी ईट से ही निर्माण कराया जा रहा है जमशेदपुर क्षेत्र पंचायत द्वारा उसी नाली का निर्माण करा कर धन आहरित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है । लेकिन चर्चा यह है कि पुरानी ईट और अध्धे घटिया सामग्री से ही नाली का निर्माण कर लाखों की धनराशि का बंदरबांट करने की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है।

# महागौरी की पूजा अर्चना को उमड़े श्रद्धालु



मुरादाबाद-नवरात्र पर्व के आठवें दिन महागौरी की पूजा की गई। मां महागौरी देवी पार्वती का एक रूप हैं। पार्वती ने भगवान शिव की कठोर तपस्या करने के बाद उन्हें पति के रूप में पाया था। कथा है कि एक बार देवी पार्वती भगवान शिव से रूष्ट हो गईं। इसके बाद वह तपस्या पर बैठ गईं। जब भगवान शिव उन्हें खोजते हुए पहुंचे तो वह चकित रह गए। पार्वती का रंग, वस्त्र और आभूषण देखकर उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। महागौरी करुणामयी, स्नेहमयी, शांत तथा मृदुल स्वभाव की हैं। कहा जाता है कि एक बार भूखा शेर उन्हें निवाला बनाने के लिए व्याकुल हो गया पर उनके तेज के कारण वह असहाय हो गया। इसके बाद देवी पार्वती ने उसे अपनी सवारी बना लिया था। मां के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना करने से धन, सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## अष्टमी के दिन कन्या पूजन

चैत्र नवरात्र पर्व पर दुर्गाष्मी के दिन कन्याओं की पूजा की गई, जिसे कंचक भी कहा जाता है। इस पूजन में नौ कन्याओं की पूजा करने का विधान है। कन्या पूजन से भक्त के पास कभी भी कोई दुख नहीं आता है और मां अपने भक्त पर प्रसन्न होकर मनवांछित फल देती हैं।

# वोट डालने को लेकर अधिकारियों से नोकझोंक

मुरादाबाद-भोजपुर स्थित ब्लॉक भगतपुर टांडा में एमएलसी निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान ब्लॉक भगतपुर टांडा में 206 ग्राम प्रधान, सभासद,क्षेत्र पंचायत सदस्य, एवं चेयरमैन की वोटिंग होनी थी। सुबह से देर शाम 4 बजे तक 200 लोगों ने वोट दे दिया। इस दौरान एक वोट डालने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों में नोकझोंक हो गई, लेकिन दोनों की सहमति से वोट डालने की अनुमति दे दी गई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव कार्यकर्ता मोहित चौधरी, चेतन चौहान, हसन चौधरी, शेखर यादव, अशफाक हुसैन, मोहम्मद सदीक, इरशाद असलम, गौरव चौहान, इमरान प्रधान, आदि के साथ ब्लॉक भगतपुर टांडा मतदान केंद्र पर डटे रहे। इस दौरान पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह भी कार्यकर्ताओं के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच एक वोट डालने को लेकर नोकझोंक हो गई। इस दौरान भजनलाल पाल, आकाश पाल, संतोष प्रमुख, धर्मेंद्र , नवाब ं गबरू, जाहिद ठेकेदार, धर्मेंद्र , राधेश्याम, लेखराज सैनी, प्यारे मेंबर, शाहनवाज, परमेश्वर लाल सैनी, केके मिश्रा ने मामले को शांत कराया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# काली माता मंदिर पहुंचे एसएसपी एवं जिलाधिकारी सहित आला अधिकारी मां के चरणों में को किया नमन



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद पूरे देश भर में अष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है वही चैत्र नवरात्रि का आज आठवां दिन है और अष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मुरादाबाद जनपद में मनाया जा रहा है जहां सुबह से ही मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी की पूजाअर्चना की तो वही शहर के लाल बाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर पर अष्टमी के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। आपको बता दें कि नवमी का पर्व कल मनाया जाएगा और आज अष्टमी का पूजन किया गया इस अवसर पर लालबाग काली माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे मुरादाबाद एसएसपी बबलू कुमार जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह सहित आला अधिकारियों ने माता के चरणों में नारियल चोला चढ़ाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया

# चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पूजन के बाद महिला श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक व्रत संपन्न कर किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पूजन के बाद महिला श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक व्रत संपन्न कर किया कन्या पूजन मुरादाबाद शहर के सिविल लाइन क्षेत्र चंद्र नगर में भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने अष्टमी का पूजन किया, घरों में महिला श्रद्धालुओं ने कन्याओं को बुलाकर उनका पूजन सत्कार कर उन्हें भोज कराया और उन्हें उपहार भी दिए अष्टमी के दिन सभी भक्त माता रानी की आराधना में लीन नजर आए। तो वही शहर के प्राचीन काली माता मंदिर पर



अष्टमी के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। बता दें कि नवमी का पर्व कल मनाया जाएगा और आज अष्टमी का पूजन किया गया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक


क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्र से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Watch the neighborhood

The Supreme Court of Pakistan has once again taken a big initiative to strengthen democracy while giving a better verdict. The court has given the green signal to vote on the no-confidence motion against Imran Khan's government. The special thing is that not only the Imran government, but also the decision of the President of the country has been reversed by the Supreme Court and has increased the confidence of its people towards justice. After this decision of the court, the National Assembly of Pakistan has been restored, where Imran Khan will have to face a no-confidence motion. Imran has been the successful cricket captain of his country and he has said that he will play till the last ball. If he does not resign before the vote, he will become the first prime minister to be removed on the basis of a no-confidence motion in his country. If Imran Khan did not perform any miracle to garner majority, then he is sure to go. All experts are unanimous that Imran Khan will be defeated in the Pakistani Parliament, as he has only 142 MPs, while he needs 172 MPs to get the no-confidence motion rejected. Parliamentary democracy demands maturity, but the manner in which the Imran government in Pakistan dissolved the parliament to save itself has led to a very tragic situation. Recommending dissolution of parliament when the government knew it was not in majority is a reprehensible act in any democracy. Whether the wrongdoers should be punished or reprimanded or not, lessons must be taken. The decision of the Supreme Court of Pakistan will always be useful not only for the Prime Minister, but also for the Deputy Speaker, Speaker and President. There is also a lesson that no government should try to escape on the pretext of conspiracy by external forces. If there is this irrational deficiency in the constitution of Pakistan, then the next government should try to remove it. Imran's attempt to defend himself by blaming America or any American official is sad. She is not so important that any foreign power would want to remove her for some reason and this has also come to the fore from inside Pakistan. If there is no concrete evidence, then it will be said that the talk of foreign conspiracy is false. Instead of making excuses, Imran should have proved himself right by putting forward concrete evidence. At times, it seems that the leaders of Pakistan are not as democratic as they should have been. Its democracy is not new, it is still looking for ideal or more sensible leaders. Only a strong democracy is successful in giving a strong government, but somewhere, Pakistani democracy is still being controlled by a few politicians according to their own will. Right now the opposition in Pakistan is also not appreciable. Be it the Bhutto family or the Sharif family, both have incalculable stains on their foreheads. However, the new generation of these families is yet to be tested. It is not surprising that Imran Khan or his close friends have also started being accused of earning black money. Whichever government is formed in Pakistan should respect democracy and law and order, but for this it is necessary that the leaders treat each other better. The mutual respect of efficient leaders also gives strength to Jamhooriyat.

# Kajal Aggarwal shared her photo from maternity photoshoot, shared emotional message about pregnancy



Kajal Aggarwal is enjoying her pregnancy period these days. Kajal and Gautam Kitchlew are waiting for the arrival of their first baby. Kajal had announced her pregnancy earlier this year. Meanwhile, now the actress has got a maternity photoshoot done, whose photo she has shared. This photo is going viral on social media. Along with this, the actress has also shared a special message about motherhood. During this time Kajal is wearing a Thai high slit gown in which she is looking very beautiful. Kajal further wrote the message, 'Let's face it. Being ready to be a mother is beautiful, but it is also disturbing.' Everything is bad. All you have to think about is how to manage till bed time and in these days, weeks and months while loving our kids and our partners, sometimes we forget that feelings like happiness, sadness, worry, heartbreak are our Pieces together unique stories and makes them your own. Pregnancy Experience- Kajal had said about her pregnancy experience a few days ago, 'I am very excited and nervous. I know that raising a child is a big responsibility and give him the right education and make him a good person. I am excited for the journey ahead. Me and my husband are very excited. Earlier, the first trimester of pregnancy was told about the time problems that there are terrible changes in pregnancy. During this, a woman's body goes through a lot of things. My first trimester was very difficult. But I then kept myself fit by doing yoga, pilate, walking and eating healthy. The good thing is that they all helped me a lot. Talking about Kajal's professional life, she will now be seen in films like Acharya, Hey Sinamika, Uma and Indian 2.

# Lock Upp: Poonam Pandey kisses Shivam Sharma in front of everyone, he said - he is not going to wash his cheeks today

Kangana Ranaut's show Lockup is in a lot of discussion these days. The show is getting tremendous response. There are more than one controversial contestant in the show. Poonam Pandey is also a part of this show. Poonam keeps making some ruckus every other day. Now recently Poonam kissed Shivam Sharma. Actually, something happened that Poonam and Shivam were joking with each other. Shivam goes to Poonam and says how lucky I am that I am sitting beside you. He then asks Poonam to kiss him. Poonam then kisses him in the cheek. Shivam gets shocked and says, 'Today will not wash the cheek. I have become expensive man, our rate has increased. Everyone will burn with me now.' Poonam had placed a condition in front of the fans- Let us tell you that last week Poonam's name had appeared in the chargesheet. Poonam made a big appeal in front of the fans to save herself from being out of the show. Poonam had said, hello, hello whoever is listening, save me from this charge sheet. I swear to God, I will give you such a cool surprise on camera live in Poonam Pandey style. Save me by voting me and then see what happens in this jail. The fans were very happy with this condition of Poonam getting maximum votes. Not only this, Poonam got the most votes. Everyone was quite surprised by this. Poonam also again thanked the fans. Poonam again took out the T-shirt, fulfilling her promise. Although he was wearing innerwear. Ekta gave credit to Kangana and Karan – Let us tell you that the lockup show is getting a tremendous response. Ekta Kapoor has produced this show.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## फिर दिखी मानवीयता की कहानी,जब खाकी ने देखा बूढ़ी आखों में पानी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जलेसर पुलिस द्वारा मानवीयता का परिचय देते हुए भूख से व्याकुल बूढ़ी अम्मा को पहले खाना खिलाया और फिर समस्या सुन उसका निस्तारण कराया। यूं तो पुलिस अपने दायित्वों और कर्त्तव्यनिष्ठा को निभाने के साथ साथ जरुरतमंदों की मदद को प्रतिपल आगे है। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एटा पुलिस लगातार अपने पदीय दायित्वों के साथ साथ जरुरतमंदों की मदद को भी आगे आ रही है। ऐसा ही एक मामला तब सामने आया जब जलेसर थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर दुर्जन निवासी एक भूखी प्यासी बूढ़ी मां अपने बेटे की शिकायत लेकर थाना जलेसर पर पहुंची, तो प्रभारी निरीक्षक जलेसर ने बूढ़ी मां को भूख से व्याकुल देख पहले उन्हें खाना खिलाया, फिर समस्या को सुनकर उसका निस्तारण कराया गया। बूढ़ी मां ने बताया
कि उसके बेटे और पुत्रवधू ने उन्हें घर से निकाल दिया है तथा उनके द्वारा एक-एक करके इकट्ठा किए गए उनके पैसे भी उनसे ले लिए हैं। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक जलेसर द्वारा बूढ़ी मां की समस्या सुन थाने से अम्मा के साथ ही पुलिस कर्मियों को भेज समस्या का समाधान कराया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

## एटा की टीम ने बवरोती के बम्बे पर लगभग 200 गौवंशो को बंजारों के हाथों से मुक्त कराया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि आज दिनांक 9-4-22 को सुबह मलावन विश्व हिन्दू परिषद एटा की टीम ने बवरोती के? बम्बे पर लगभग 200 गौवंशो को बंजारों के हाथों से मुक्त कराया तथा उन गोवंशो में कुछ भाग गये तथा बाकी सभी गोवंशे को घेरकर ओम शुभ गौशाला मलावन भेजा गया यह वह लोग हैं जो राजस्थान से अपने परिवार के साथ गाय चराने अपने क्षेत्र में आते हैं तथा इनसे कुछ कहो तो यह लोग अपनी औरतों को लड़ने के लिए आगे कर देते है तथा यह लोगों अपनी राजस्थानी गोवंशे के अपने क्षेत्र की गायों को उसी झुंड में मिला लेते हैं तथा उसके बाद अपनी क्षेत्र की गायों को कटने के लिए ट्रकों में लादकर बाहर भेजते हैं। आज जिसकी सूचना मैने जिलाधिकारी महोदय के सीयूजी नंबर पर दी लेकिन जिलाधिकारी महोदय से बात नहीं हुई तथा फोन उठाने बाले ने बताया कि साहब बाहर है तो मैंने उक्त घटना की सूचना नोट करा दी उसके बाद सूचना मुख्य विकास अधिकारी को दी तथा थाना प्रभारी मलावन से सम्पर्क करने की कोशिश कि तो उनका सीयूजी नंबर लगा ही नहीं तथा जब मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सूचना दी तो उन्होंने कहा कि हम मलावन डाक्टर साहब को बता देते हैं। जब भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज गोवंश को लेकर काफी चिंतित रहते हैं लेकिन जनपद में इस समस्या में कोई भी सुधार नहीं आ रहा है जो कि काफी चिंता का विषय है किसी भी प्रशासनिक अधिकारी से बात की जाये तो बह टालने का कार्य करते हैं। श्री चौहान ने कहां कि जो लोग राजस्थान से गाय चराने यूपी मे लाते हैं ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखनी होगी तथा ऐसे लोगों को सूचना तुरन्त अपने जनपद के नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दी जाये तथा इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाये। घटनास्थल पर गोवंशो को पकड़ने में मौजूद टीम, अजीत सिंह चौहान, कन्हैया, रवि कुमार, मलूकचंद, सुभाष, प्रमोद कुमार,आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान: एक साल में 8,562 महिलाओं को मिला लाभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गर्भवती की व्यापक और गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व देखभाल करने के उद्देश्य से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 8,562 महिलाओं की जांच की गई। योजना के तहत हर माह की नौ तारीख को गर्भवती की निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच की जाती है। नोडल अधिकारी - आरसीएच डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि जिला महिला अस्पताल समेत 11 स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना का उद्देश्य विभिन्न जांच के माध्यम से माता एवं शिशु के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना है। प्रसव के दौरान होने वाली किसी भी जटिलता को दूर करके मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इसके लिए प्रत्येक माह की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया जाता है। सीएमओ डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि योजना के अंतर्गत द्वितीय व तृतीय तिमाही वाली गर्भवती महिलाओं की एमबीबीएस चिकित्सक अथवा महिला रोग विशेषज्ञ की देखरेख में निशुल्क जांच की जाती हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में कुल 8,562 महिलाओं को योजना के अंतर्गत लाभ मिला। डॉ त्रिपाठी ने कहा - योजना के तहत ब्लडग्रुप, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वजन, यूरिन, एचआईवी ,सिफलिस आदि जांच तथा अल्ट्रासाउंड के साथ अन्य जांच निशुल्क की जाती हैं। इसके साथ ही उच्च जोखिम गर्भावस्था ( एचआरपी ) वाली महिलाओं को आयरन सूक्रोज इंजेक्शन लगाकर आयरन फोलिक एसिड व कैल्शियम की गोली वितरित की जाती हैं। जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार ताहिरा अल्वी ने बताया कि वर्ष 2020-21 में कुल 8,383 महिलाओं को योजना के तहत लाभ प्राप्त हुआ था। इस वर्ष 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 8,562 हो गई।एवं वर्ष 2020-21 में 1105 हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाएं चिन्हित की गई थी। वर्ष 2021 -22 में यह संख्या घटकर 915 हो गई।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने बाला युवक को किया गया गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैथरा पुलिस द्वारा नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 09.04.2022 को थाना जैथरा पुलिस द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं 06/2022 धारा 363 भादवि के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर जैथरा बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं को लेकर जलेसर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में किसानों की 12 सूत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु उप जिलाधिकारी अलंकार अग्निहोत्री एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस इरफान नासिर को ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपा ज्ञापन में किसानों की समस्याओं के क्रम में आप शीघ्र होने वाली गेहूं खरीद के गेहूं खरीद केंद्रों पर समुचित बारदाना उपलब्ध कराया जाए अवागढ़ सरकारी केंद्र पर कर्मचारी उपलब्ध कराई जाए आवागढ़ में टीटी जेट की सीमा में सीमांकन कराकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए विद्युत बकाया को लेकर किसानों पर हो रही द्धद्धद्ध रॉकी जाएं गरीबों को राशन पूरा दिलाया जाए उनके साथ हो रहे अवैध व्यवहार को रोका जाए सिंचाई की विद्युत समरों पर विद्युत विभाग के द्वारा मीटर लगाए जा रहे हैं विद्युत विभाग स्पष्टीकरण दे जब सरकार के द्वारा सिंचाई हेतु विद्युत निशुल्क कर दी है तो मीटर क्यों लगाऐ जा रहे है अन्य समस्याओं संबंधी ज्ञापन उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को सौंपा ज्ञापन देने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रताप सिंह प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह रवि पाल सिंह हर्ष गुप्ता रोहित यादव हरेंद्र पाल गजेंद्र यादव ऋषि यादव सोनू भाटिया उपदेश कुमार सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद थे।

## सरस्वती सायकिल योजना के तहत किया गया सायकिल वितरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर जिले के हाई स्कुल नवाटोला में सरस्वती सायकिल योजना अंर्तगत कक्षा नवमी के छात्राओं एवं विशेष आदिवासी जनजाति के छात्रों को सायकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथी ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिहारपुर के अध्यक्ष मंदेश गुर्जर* के कर कमलो के द्वारा सायकिल वितरण किया। सर्वप्रथम सरस्वती देवी के छायाचित्र पर पुष्प वर्षा कर पूजा किया गया तत्पचात सायकिल को वितरण किया। श्री गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती सायकिल योजना अंर्तगत सरकार का मंशा है कि अधिक से अधिक आदिवासी छात्र एवं सभी वर्ग के छात्राओं को सायकिल मिले तथा सरकार के द्वारा सभी को फी में पुस्तक एवं छात्रवृति जैसे कई लाभ मिल रहा है जिसका बच्चों को लाभ मिल रहा है। सायकिल देने का मुख्य उद्देश्य स्कूल में सही समयानुसार उपस्थित होना है तथा बिना देरी करे अपने घर को जाना। इस मौके में जगनाथ प्रसाद सोनी, कमलेश यादव सदानंद यादव लालू जायसवाल प्रेमलाल जायसवाल विजयबहादुर जायसवाल देवानंद जायसवाल सुभाषचंद साहु तथा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अमृत लाल कंवर अरविंद जायसवाल शिवबली साहु केशव मानिकचंद तथा स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं ने उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कुदरगढ़ महोत्सव में खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# कबड्डी में सूरजपुर व वालीबाल में भैयाथान ने विजेता का खिताब किया अपने नाम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-जिला प्रशासन सूरजपुर के तत्वाधान में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव के कुशल मार्गदर्शन में 6 से 8 अप्रैल 2022 तक आयोजित कुदरगढ़ महोत्सव में मां बागेश्वरी मंदिर के नीचे 3 दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिवस जिला स्तरीय कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन किया गया। प्रभारी खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन ने बताया कि दोनों विधाओं में जिले के 16-16 पुरूष टीमों ने भाग लिया था। कबड्डी का फाइनल मैच मानपुर विरूद्ध स्टार क्लब सूरजपुर के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब सूरजपुर की टीम विजेता रही। इसी प्रकार वालीबाल में भैयाथन ने सूरजपुर को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों विधाओं के विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा दोनों विधाओं के विजेता टीम को 11-11 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 7-7 हजार रुपए नगद पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कबड्डी तथा वॉलीबाल के सभी 32 टीमों को जिला प्रशासन द्वारा कुदरगढ़ महोत्सव के स्मरण हेतु सर्टिफिकेट दिया गया।विजेता टीमों को समापन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री राहुल देव, कुदरगढ़ ट्रस्ट समिति के सदस्य श्री अखिलेश प्रताप सिंह, श्री इस्माईल खान, श्री गौतम कुशवाहा, श्री प्रदीप त्रिवेदी आदि के द्वारा सम्मानित किया गया। कबड्डी व वॉलीबाल के फाइनल मैच में संयुक्त कलेक्टर श्री शिवकुमार बनर्जी, भैयाथन एस.डी.एम.श्री प्रकाश सिंह राजपूत, कुदरगढ़ मेला समिति अध्यक्ष श्री भुवन भास्कर सिंह, श्री राजेश तिवारी, श्री मुकेश अग्रवाल, श्री शांतनु सिंह, श्री राहुल जायसवाल, श्री आशीष सिंह, श्री राकेश चौबे सहित अन्य ट्रस्ट के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के सदस्य उपस्थित रहे। कुदरगढ़ महोत्सव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के द्वारा संचालित की गई। प्रत्येक दिवस कुदरगढ़ में मां बागेश्वरी के दर्शन हेतु आए हुए श्रद्धालुओं ने प्रत्येक मैच का आनंद बढ़-चढ़कर लिया। खेल प्रतियोगिता को देखने हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री शिवभजन सिंह, जिला प्रभारी खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन, श्री दिनेश साहू, श्री सहदेव राम रवि, श्री पंकज डोंगरे, श्री रवींद्र सिंह, श्री यूजीन एक्का, श्री राम यादव, श्री ओमप्रकाश वर्मा, श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री सुभाष रजवाड़े, श्री धर्मपाल रजक, श्री दिगम्बर प्रसाद, श्री प्रभाशंकर, श्री श्याम सिंह, श्री संजय यादव, श्री विक्की कुमार, श्री आशा रजक, श्री शंकर सिंह नेताम, श्री चन्द्रभान कंवर, श्री राम प्रसाद सारथी, श्री रामकुमार कुशवाहा, श्री जनक दास, श्री अंबेलाल सिंह मरावी, श्री भीम प्रसाद पैकरा, श्री योगेन्द्र सिंह, शुभम प्रताप सिंह, रज्जू राम, राजू सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का हुआ समापन

# शिव तांडव एवं लेजर लाइट शो सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में कुदरगढ़ महोत्सव तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ स्थानीय भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने दीप प्रज्वलित कर किया।उन्होंने कुदरगढ़ महोत्सव के सफल कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन, ट्रस्ट मेला समिति, पुलिस विभाग, मीडिया एवं गणमान्य नागरिकों के सहयोग के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समापन के अवसर पर आने वाले समय में बेहतर करने की बात कही तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशा अनुसार कुदरगढ़ धाम को पर्यटक, दर्शनीय धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए रोपवे का कार्य किया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दी जा सके। सौंदर्यीकरण को अच्छा किया जाएगा। अतिथियों का स्वागत उदबोधन जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव द्वारा किया गया।।

### शिव तांडव एवं लेजर लाइट शो सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कुदरगढ़ महोत्सव के समापन के अवसर पर शिव तांडव एवं लेजर लाइट सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारी संख्या में लोगों ने संस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। शिव, पार्वती समूह द्वारा शिव तांडव की नृत्य प्रस्तुति, बॉलीवुड डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना नृत्य, लेजर डांस ग्रुप द्वारा रेट्रो नृत्य, स्तुति जयसवाल समूह से शीतल यादव गायिका द्वारा शिव भक्ति गानों की शानदार प्रस्तुति दी गई। लेजर लाइट एंड डांस की प्रस्तुति, लव मी इंडिया फेम स्तुति जायसवाल द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई। राधा कृष्ण नृत्य समूह द्वारा बॉलीवुड नृत्य प्रस्तुति दी गई। सभी दर्शकों ने गीत संगीत का भरपूर लुफ्त उठाया। पूरा कुदरगढ़ धाम संगीतमय हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुश्री शशि सिंह, जनपद अध्यक्ष मनियारी पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती भगवती राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन मरावी, जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट व मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, अजय तिवारी, आशीष सिंह, राजेश तिवारी, सिद्धार्थ सिंह बघेल, शांतनु सिंह, अरुण सिंह, विजय गुर्जर, अभय विक्रम सिंह देव, संस्कार अग्रवाल शिवबालक यादव सहित काफी संख्या में ट्रस्ट के आजीवन सदस्य व सहयोगी कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा नागरिक गण उपस्थित रहे। आभार प्रकट संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी एवं कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक उपाध्याय ने किया।

आपका
लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा के सभी कर्मचारी अधिकारी 11 से 13 अप्रैल 3 दिन धरना प्रदर्शन करेंगे

## केन्द्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता देने की मांग

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा के सभी संगठन के कर्मचारी अधिकारी छत्तीसगढ सरकार से बकाया 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता की मांग को लेकर 11 से 13 अप्रैल 3 दिन आकस्मिक अवकाश लेकर कर्मचारी भवन के सामने मैदान ज्योतिपुर, गौरेला में 11 बजे से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ में राज्य के कर्मचारियों उससे आधा 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने से कर्मचारियों में सरकार के विरुद्ध भारी नाराजगी है। पिछले 28 माह से लगातार कर्मचारियों का महंगाई भत्ता रोका जा रहा है जिसके कारण छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े अधिकारी तक को लगभग एक लाख रुपए से 4 लाख रुपए तक का नुकसान हो चुका है और प्रत्येक माह 4 हजार से 18 हजार रुपए तक का नुकसान कर्मचारियों अधिकारियों को उठाना पड़ रहा है। जबकि जबकि नियम बना हुआ है कि कई वर्षों से नियम बना हुआ है कि जब जब केंद सरकार केंद्रीय कर्मचारियों महंगाई भत्ता देगी तब तक राज्य सरकार भी अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देगी। उसके बावजूद छत्तीसगढ़ में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के कर्मचारियों को केंद्र के समान 34 प्रतिशत भत्ता दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कई संगठनों ने महंगाई भत्ता के लिए संघर्ष मोर्चा बना लिया है जिसमें सभी विभागों के संगठन शामिल हैं। संघर्ष मोर्चा का कहना है कि सभी आवश्यक सामानों के दाम आसमान छूने के कारण कर्मचारियों अधिकारियों के घर का बजट बिगड़ चुका है, इसलिए अब कोई भी कर्मचारी अधिकारी हर महीने हजारों रुपए के नुकसान को उठाने के पक्ष में नहीं है। यही कारण है कि 3 दिन आकस्मिक अवकाश लेकर सभी अधिकारी कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे।

### हड़ताल से दफ्तरों में काम ठप्प रहेंगे

राज्य के सभी कर्मचारी अधिकारी 11, 12 एवं 13 अप्रैल को 3 दिन आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे। यह 3 दिन ऐसे दिन हैं जोकि शासकीय कार्य दिवस हैं जबकि 14 अप्रैल को महावीर जयंती व अंबेडकर जयंती का अवकाश, 15 अप्रैल को गुड फ्राइडे का अवकाश, 16 तारीख को कार्यालीन अवकाश एवं 17 तारीख को सामान्य अवकाश रहेगा। इस तरह से आने वाले सप्ताह में सभी सरकारी कामकाज ठप्प रहेंगे। यहां तक कि स्वास्थ कर्मी भी हड़ताल में रहेंगे इसलिए स्वास्थ संबंधी समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। वहीं जिले के सभी स्कूलों में सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को तालाबंदी की स्थिति रहेगी। कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता के लिए संघर्ष मोर्चा बना लिया है जिसमें सभी विभागों के संगठन शामिल हैं। संघर्ष मोर्चा का कहना है कि सरकार के समान महंगाई भत्ता दिए जाने का नियम राज्यों में है उसके बावजूद छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा उससे आधा सिर्फ 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकि राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार सहित देश के कई राज्य 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता अपने राज्य कर्मचारियों को दे रहे हैं। सभी आवश्यक सामानों के दाम आसमान छूने के कारण कर्मचारियों अधिकारियों के घर का बजट बिगड़ चुका है, इसलिए अब कोई भी कर्मचारी अधिकारी हर महीने हजारों रुपए के नुकसान को उठाने के पक्ष में नहीं है। यही कारण है कि 3 दिन आकस्मिक अवकाश लेकर सभी अधिकारी कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे।

# कलेक्टर ने किसानों को वर्मी खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए प्रेरित करने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर के अरपा सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की बैठक ली है। उन्होंने वर्मी खाद के विक्रय में तेजी लाने तथा किसानों को वर्मी खाद के उपयोग के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोसाइटी समय पर खोले जाने तथा सोसाइटी प्रबंधकों को कार्यालयीन समय में नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए तथा सोसाइटी में पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने कहा। कलेक्टर ने जिले के किसानों को अल्पकालीन ऋण के साथ-साथ दीर्घकालीन ऋण के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने, प्रोत्साहित करने तथा जिले में किसान क्रेडिट कार्ड का ज्यादा से ज्यादा पंजीयन कराए जाने कहा जिससे किसान लाभान्वित हो सके। बैठक में सहायक पंजीयक, सहकारिता विस्तार अधिकारी, सीसीबी नोडल, सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक, सोसाइटी समिति प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

# सरगुजा अंचल के छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला एवं स्तुति जयसवाल की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति

## हाय रे सरगुजा नाचे के गाने से दर्शकों के मन मोह लिया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कुदरगढ़ महोत्सव में सरगुजा अंचल के प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला एवं लव मी इंडिया फेम स्तुति जयसवाल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संजय सुरीला द्वारा अपने चिर परिचित अंदाज में जय जोहार के साथ मां कुदरगढ़ी शिव भक्ति गाना, झुपत झुपत आबे दाई एवं अन्य धार्मिक गीत गाकर सभी के मनोकामना पूर्ण करने मां बागेश्वरी से की। संध्याकालीन कार्यक्रम में उन्होंने दीवाना बनाई देहे रे, हाय रे सरगुजा नाचे छत्तीसगढ़ी कर्मा गीत गाकर हजारों की संख्या में उपस्थित सूरजपुर एवं सरगुजा वासियों का मन मोह लिया। दर्शकों ने हाय रे सरगुजा नाचे के लुफ्त उठा कर नाच उठे। लव मी इंडिया फेम स्तुति जायसवाल ने शिव भक्ति, धार्मिक गाने, वादा करले सजना गीत गाकर दर्शकों को आकर्षित किया। इस दौरान दर्शकों की मांग पर जिला पंचायत सीईओ



श्री राहुल देव ने वादा करले साजना, ओ मेरे दिल के चौन गीत गाकर दर्शकों को सुनाया दर्शकों ने ताली बजाकर खुशी प्रकट की।

# जिले में सर्वाधिक मतदान: प्रियांशु की रिकॉर्ड वोटों से होगी जीत: सपा का खेल खत्म

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - एमएलसी प्रत्याशी प्रियांशु द्विवेदी को हर क्षेत्र में रिकॉर्ड वोट मिला है। उनकी रिकॉर्ड वोटों से जीत होने की संभावना व्यक्त की गई है। जनपद फर्रुखाबाद में सर्वाधिक 91. 87त्न मतदान हुआ है। जबकि जनपद औरैया में 90.26 जनपद कन्नौज में 90. 9 एवं जनपद इटावा में 27 87.21त्न मतदान हुआ है। जनपद फर्रुखाबाद की के 1476 मतदाताओं में 1356 लोगों ने वोट डाले हैं चारों जिलों में कुल 90त्न मतदान हुआ है। जिला पंचायत में शत-प्रतिशत मतदान जिला पंचायत पंचायत मतदेय स्थल पर सभी सदस्यों के अलावा विधायक व सांसद ने मतदान किया है। अन्य स्थानों का मतदान 236 में 200. 211 में 198. 135 में 122. 233 में 217. 42 में 39. 174 में 158. 35 में 35. 141 में 135. 269 में 252. फर्रुखाबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने मतदान नहीं किया है।श्री द्विवेदी के पक्ष में जनपद फर्रुखाबाद में सर्वाधिक सर्वाधिक मतदान हुआ है।एमएलसी चुनाव जीतने के लिए प्रियांशु दत्त द्विवेदी ने पूरी ताकत लगायी है। भारतीय जनता पार्टी ने भी कोई कसर बाकी नहीं रखी सांसद मुकेश राजपूत विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सुशील शाक्य, नागेंद्र सिंह राठौर एवं डॉक्टर प्रीति ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए मतदाताओं पर काफी दबाव बनाया। चुनाव जीतने के लिए भाजपाइयों की रणनीति कामयाब रही।मतदान के दिन नामांकन से पूर्व ही सपा प्रत्याशी एवं टाउन एरिया मोहम्मदाबा के चेयरमैन हरीश यादव की जमकर धुनाई की गई थी। श्री यादव ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा था लेकिन चेयरमैनी में कोई अड़ंगा या जांच कार्रवाई होने के भय के कारण केस भी नहीं दर्ज कराया। सपा के पूर्व मंत्री नरेद्र सिंह यादव ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी बचाने के लिए भाजपा प्रत्याशी के लिए को वोट दिलाने के लिए प्रचार किया।नरेंद्र सिंह यादव ने बीते दिनों कायमगंज के मंगलम गेस्ट हाउस में पुत्र सचिन यादव कंपिल टाउन एरिया के चेयरमैन उदय पाल सिंह यादव किशन पाल यादव सुधीर यादव ओमकार फौजी आदि समर्थकों के साथ प्रियांशु दत्त द्विवेदी को वोट दिलवाने की रणनीति बनाई थी। सपा के पूर्व विधायक अजीत कठेरिया ने भी प्रियांशु द्विवेदी के पिता डॉ द्विवेदी के साथ वोट मांगे। जिले में कोई भी सपा नेता प्रत्याशी हरीश यादव के लिए वोट मांगते नहीं दिखा।यह सब मुख्यमंत्री योगी के बुलडोजर के भय का ही करिश्मा है। प्रांशुदत्त द्विवेदी के चुनाव जीतने पर जिले में विधायकों की संख्या 4 हो जाएगी। भले ही जिले में 5 विधायक हो जाएं लेकिन जिले का कोई खास भला नहीं होना है।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए ब्लॉक बढपुर कमालगंज मोहम्मदाबाद आदि मतदान केंद्रों का जायजा लिया

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# मोहल्ला हाता मंजिलें खां में पाइप लाइन दे दी गई मगर पानी अब तक नहीं पहुंचा पानी के बिन चटक रहे हलक



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -पहले ही जनप्रतिनिधियो की अनदेखी से परेशान हाता मझले खां के बाशिंदे पाइप लाइन दे गई दगा, पानी बिना चटक रहे हलक पहले ही जनप्रतिनिधियो की अनदेखी से परेशान हाता मझले खां के बाशिंदे अब भीषण गर्मी में पीने को पानी नहीं मिलने से कराह उठे है। मोहल्ले में अभी तक पाइप लाइन नहीं है और जो हैंडपंप है उनमें पीला गंदा पानी आ रहा है। चटक धूप तपिश में लोगो के हलक सूख रहे है लेकिन बिन पानी लोगो को बूंद बूंद पानी को दौड़ लगानी पड़ रही है। नगर पालिका क्षेत्र में पीने के पानी का संकट और गहराता जा रहा है। शहरी क्षेत्र के कई मोहल्ले ऐसे हैं जिनमें अभी तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। लगातार पालिका से शिकायत के बाद भी अभी तक हाता मझले खां में पानी के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। हाता मझले खां में पुरानी पाइप लाइन खराब हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी वर्षो बीत गए हैं अभी तक नई पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे घरों में पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच रहा है। लोग हैंडपंप के पानी पर निर्भर हैं मोहल्ले में छ हैंडपंप लगे हैं जिसमें दो हैंडपंप खराब हैं तीन हैंडपंपों में गंदा और पीला पानी आ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत की लेकिन इसके बाद भी कोई समाधान नहीं किया गया है। जिन घरों में समर्सिवल लगे हैं उन से गुहार लगाकर पानी लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। गर्मी में पानी की आवश्यकता अधिक पड़ रही है ऐसे में बूंद बूद पानी के लिए दौड़ भाग करनी हो रही है। मोहल्ले में लगभग 400 घरों में पानी नही पहुंच रहा है। भीषण गर्मी में पानी को लेकर त्राहि त्राहि मची है इसके बाद भी पालिका के जिम्मेदार आंखे बंद किए हुए बैठे है।

# पावर हाऊस ललिता देवी मंदिर तक नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली साईकिल रैली



रोशन उईके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

छिंदवाड़ा= तामिया मे चैत्र नवरात्र के पर्वं पर ब्लॉक कालोनी तामिया से पावर हाऊस ललिता देवी मंदिर तक नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली साईकिल रैली छोटे छोटी बच्चे भी नजर आये रैली मे बच्चों के स्वागत के लिये जगह जगह पानी,शरबत,कोल्डड्रिंक की व्यवस्था नगरवासियों के द्वारा रखी गई थी बच्चों की साईकिल रैली ने बढते पट्रोल के दाम को लेकर एक संदेश सरकार को भी दिया यह पहली बार ह

जब तामिया मे बच्चों के द्वारा साईकिल रैली निकाली गई हो चैत्र नवरात्र के चलते हर दिन यहा भव्य रैली देखने को मिल रही मातारानी के भक्तों पर खाश उत्साह देखने को मिल रहा है।